කැලණිය විශ්වවිද්‍යාලය - ශ්‍රී ලංකාව

දුරස්ථ සහ අඛණ්ඩ අධ්‍යාපන කේන්ද්‍රය

ශාස්ත්‍රවේදී (සාමාන්‍ය) උපාධි ප්‍රථම පරීක්ෂණය (බාහිර) - 2014 (නව නිර්දේශය)

2018 අගෝස්තු/සැප්තැම්බර්/ඔක්තෝබර්

මානවශාස්ත්‍ර පීඨය

හින්දි

ආර්ථාවබෝධය හා ප්‍රකාශන ශක්‍යතාව **HIND – E 1025**

ප්‍රශ්න සියල්ලටම පිළිතුරු සපයන්න.

ප්‍රශ්න සංඛ්‍යාව : 05 යි. කාලය : පැය 03 යි.

---

01 निम्नलिखित शीर्षकों में से **किसी एक** पर लगभग **ढेढ़ पृष्ठों** का निबंध हिंदी में लिखिए। (20 अंक)

(क) मेरी प्यारी–प्यारी माँ
(ख) मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना
(ग) मेरा सबसे प्रिय विषय

02 (i) निम्नलिखित गद्यांश **अथवा** पद्यांश का सिंहली में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

(क) जानवरों में हाथी बड़ा है। हाथी के एक लंबी सूँड होती है। उससे वह भारी से भारी चीज़ को उठाता है। हाथी के दाँत लंबे होते हैं और ये बड़े कीमती होते हैं। घोड़े की तरह हाथी पर भी लोग सवारी करते हैं। जंगलों में जहाँ गाड़ी नहीं जा सकती, वहाँ हाथी से ही काम लेते हैं। हाथी आफ्रिका, बर्मा, श्री लंका, केरल और मैसूर के जंगलों में बहुत पाये जाते हैं।

अथवा

(ख) आदि हटे तो 'गर' रह जाए,
मध्य हटे तो 'मर' रह जाए,
बोलो उस प्राणी का नाम,
जो तुमको जल में मिल जाए।

पंख है लेकिन चिड़िया नहीं,
चलता है लेकिन बढ़ता नहीं,
गर्मी भगाना उसका काम,
झट बतलाओ क्या है नाम?

(ii) निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए। (10 अंक)

නගරයෙන් දුර ඉතා කුඩා ගමක ඔහුගේ නිවස පිහිටා තිබිණ. ගමෙහි නම සරුලියද්ද විය. ගොවිතැන් කිරීම එහි වෙසෙන මිනිසුන්ගේ ප්‍රධාන ජීවනෝපායන මාර්ගය විය. මෙම කතාවේ කතා නායක මුතුබණ්ඩාර ද ගොවියකු වූ අතර සෑම දිනකම උදෑසන සිට හවස් වනතුරු කුඹුරේ සිටීම ඔහුට ඉතා ප්‍රිය විය.

03 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर अपनी हिंदी में लिखिए। (20 अंक)

भारत त्यौहारों का देश कहा जाता है। यहाँ अनेक त्यौहार मनाये जाते हैं। इन सबमें सबसे रंगीन त्यौहार होली है। यह त्यौहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसका प्रारंभ वसंत पंचमी से ही हो जाता है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आने का सूचक है।

होली के त्यौहार के संबंध में एक प्राचीन कथा भी है। प्राचीन काल में हिरण्यकश्यपु नाम का एक राजा भगवान शिव से वरदान पाकर घमंडी और ईश्वर विरोधी बन गया था। वह अपने पुत्र प्रह्लाद को मारने के अनेक यत्न किये। मगर प्रह्लाद हर बार बच गया। अंत में, राजा ने अपनी बहन होलिका से प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करने को कहा। होलिका को वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती। पर इस बार भी प्रह्लाद बच गया और उसकी बहन होलिका जल गयी। इसी घटना की याद में आज भी होली जलायी जाती है।

दूसरे दिन रंग खेला जाता है। लोग एक–दूसरे को गुलाल लगाते हैं, एक–दूसरे पर रंग भी डालते हैं तथा गले मिलते हैं। शाम को बच्चे नये–नये कपड़े पहनकर मिठाइयाँ, पकवान आदि खाते हैं। इस दिन सभी लोग अपने वैर–भाव भुलाकर सच्चे मन से एक हो जाते हैं।

(क) भारत के सबसे रंगीन त्यौहार का नाम क्या है?
(ख) होली त्यौहार कब मनाया जाता है?
(ग) राजा हिरण्यकश्यपु का स्वभाव कैसा था?
(घ) होली से संबंधित प्राचीन कथा में कौन–कौन चरित्र हैं?
(ङ) होली के दूसरे दिन लोग क्या करते हैं?

04 निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक का भावार्थ लिखिए। (20 अंक)

(क) हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता।
रात में उन पर चमकता चाँद भी
एक ही–सी चाँदनी है डालता।।

मेंह उन पर बरसता एक–सा,
एक–सी उन पर हवाएँ हैं बहीं।
पर सदा ही यह दिखाता है समय,
ढंग उनके एक–से होते नहीं।।

छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर–वसन।
और प्यारी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है बेध देता श्याम तन।।

खटकता है एक सब की आँख में,
दूसरा है सोहता सुर–सीस पर।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।।

(ख) खड़ा द्वार पर लाठी टेके
वह जीवन बूढ़ा पंजर,
चिमटी उसकी सिकुड़ी चमड़ी
हिलते हड्डी के ढाँचे पर।

उसका लंबा डील–डौल है,
हट्टी–कट्टी काठी चौड़ी,
इस खंड़हर में बिजली–सी
उन्मत्त जवानी होगी दौड़ी

गर्मी के दिन, धरे उपरनी सिर,
लुंगी से ढाँपे तन,
नंगी देह भरी बालों से
वनमानुस–सा लगता वह जन।

भूखा है, पैसे पा कुछ गुन–गुन,
खड़ा हो जाता वह घर,
पिछले पैरों के बल उठ
जैसे कोई चल रहा जानवर।

05 (क) सब्जियों की दुकान में दुकानदार और खरीदनेवाले के बीच होनेवाले संवाद का निर्माण कीजिए।
(20 अंक)

**अथवा**

(ख) रसोईघर में माँ और बेटी के बीच होनेवाले संवाद का निर्माण कीजिए।

******************